बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

विज्ञप्ति संख्या – पी०आर० 73/2021

इंटरमीडिएट स्तर की शिक्षा प्रदान करने वाले राज्य के सभी सरकारी/गैर सरकारी उच्च माध्यमिक विद्यालय/इंटर महाविद्यालय/सम्बद्धता प्राप्त डिग्री महाविद्यालय की सूची OFSS वेबसाइट पर अपलोड करने तथा उसके सम्बन्ध में दिनांक 13.06.2021 तक आपत्ति दर्ज करने के सम्बन्ध में आवश्यक सूचना

एतद् द्वारा इंटरमीडिएट स्तर की शिक्षा प्रदान करने वाले राज्य के सभी सरकारी/गैर सरकारी उच्च माध्यमिक विद्यालय/इंटर महाविद्यालय/सम्बद्धता प्राप्त डिग्री महाविद्यालयों के प्रधान/प्राचार्य को सूचित किया जाता है कि बिहार विद्यालय परीक्षा समिति से सम्बद्ध शिक्षण संस्थानों के विषयवार एवं संकायवार सीटों की संख्या से संबंधित सूची OFSS वेबसाइट **www.ofssbihar.in** पर अपलोड है।

2. जिन शिक्षण संस्थानों के प्रधान/प्राचार्य को समिति द्वारा वेबसाइट पर अपलोड किए गए सूची के संबंध में कोई आपत्ति/आपत्तियाँ हैं, तो वे **दिनांक 09.06.2021 से 13.06.2021, अपराह्न 5:00 बजे तक** अपनी आपत्ति/आपत्तियों को समिति के ई–मेल आई०डी० **bsebjsofss@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

3. समिति से सम्बद्ध शिक्षण संस्थानों के विषयवार एवं संकायवार सीटों की संख्या से संबंधित पूरी सूची को देखने के लिए वेबसाइट **www.ofssbihar.in** पर जाकर "College Information" पर Click करना होगा तथा उसके बाद "Click on Intermediate link" पर Click करते हुए पूरी सूची देखी जा सकती है।

4. उल्लेखनीय है कि **दिनांक 13.06.2021 को अपराह्न 5:00 बजे** के बाद समिति को प्राप्त किसी भी प्रकार की आपत्ति/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

5. समिति द्वारा तैयार किए गए शिक्षण संस्थानों की सूची के संबंध में यदि कोई आपत्ति/आपत्तियाँ प्राप्त नहीं होती है, तो यह माना जाएगा कि संबंधित शिक्षण संस्थान को समिति द्वारा प्रदान किए गए संकायवार तथा विषयवार सीट संख्या के संबंध में कोई आपत्ति/आपत्तियाँ नहीं है।

संयुक्त सचिव (OFSS)